अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 18 नवंबर 2021
कार्तिक शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO : 07 BOTTOM

एसआरएमएस : खेल में 700 विद्यार्थी ले रहे हिस्सा

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बुधवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के समस्त संस्थानों के 700 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का आगाज किया। आयोजन समिति के सचिव सोवन मोहंती ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट के पहले दिन एसआरएमएस सीईटी, ईएमएस और सीईटीआर की टीमों के बीच क्रिकेट, टेबल टेनिस, फुटबॉल, वॉलीबॉल और खो-खो के मैच खेले गए। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज के छात्रों ने देशभक्ति के गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान ट्रस्ट के एडवाइजर सुभाष मेहरा, डॉ. एसबी गुप्ता, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, रुचि शर्मा, शंकरपाल आदि उपस्थित रहे। संवाद